हिंदी उन्नयन

हिंदी उन्नयन

कोयला मंत्रालय सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने हेतु प्रतिबद्ध है। मंत्रालय ने भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन को उच्च प्राथमिकता प्रदान की है और इस संबंध में परिणामोन्मुख प्रयास किए जा रहे हैं।

सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रयोग में हो रही दैनिक प्रगति की समीक्षा करने तथा सरकारी कामकाज में राजभाषा नियम और अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन के संबंध में सुझाव देने हेतु मंत्रालय में राजभाषा कार्यान्वयन समिति कार्यरत है। इस समिति को आवश्यकतानुसार समय–समय पर अद्यतन किया जाता है तथा बैठकें नियमित रूप से की जाती हैं। इन बैठकों में राजभाषा के प्रयोग की स्थिति के साथ–साथ राजभाषा नीति के विभिन्न प्रावधानों के कार्यान्वयन की समीक्षा की जाती है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान इस समिति की चार बैठकें आयोजित की गईं जिनमें कार्यान्वयन से संबंधित सभी बिंदुओं पर की गई प्रगति पर चर्चा की गई। इसके साथ ही, समय–समय पर सचिव, कोयला मंत्रालय द्वारा मंत्रालय के सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रगामी प्रयोग और राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा की जाती रही है तथा सचिव महोदय की ओर से हिंदी के कार्यान्वयन से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिए जाते रहे हैं।

कोयला मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन प्रक्रियागत है। पुनर्गठन के उपरांत नियमानुसार माननीय कोयला मंत्री जी के निर्देश के अनुसार वर्ष में कम से कम दो बैठकों के आयोजन करने के प्रयास किए जाएंगे।

हिंदी दिवस के अवसर पर माननीय मंत्री जी की ओर से एक संदेश जारी किया गया जिसमें सरकारी कामकाज में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करने की अपील की गई। मंत्रालय में सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के बारे में जागरूकता लाने तथा उसके प्रयोग में वृद्धि करने के उद्देश्य से 14.09.2024 से 30.09.2024 तक हिंदी पखवाड़ा आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस वर्ष पुरस्कार राशि बढ़ाई गई तथा काव्य–पाठ एवं हिंदी टंकण प्रतियोगिताओं का समावेश किया गया। माननीय राज्य मंत्री (कोयला) द्वारा प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण–पत्र दिए गए व प्रोत्साहित किया गया।

चित्रः हिंदी पखवाड़ा, 2024 के दौरान हिंदी प्रतियोगिता में सहभागिता

हिंदी में कार्य करने में अधिकारियों और कर्मचारियों की झिझक को दूर करने के उद्देश्य से मंत्रालय समय–समय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन करता रहता है। वर्ष के दौरान तकनीकी विषयों सहित हिंदी टिप्पण प्रारूपण, फॉनेटिक टंकण व कंठस्थ अनुवाद की अभ्यासपरक कार्यशालाओं के आयोजन किए गए।

राजभाषा के कार्यान्वयन की स्थिति पर निगरानी रखने के लिए कोयला मंत्रालय द्वारा मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन

कुल सात कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण किया गया। सभी कार्यालयों को निरीक्षण समीक्षा रिपोर्ट भेजी गई और राजभाषा के प्रगामी प्रयोग संबंधी निदेश दिए गए।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा 22 अक्तूबर, 2024 को सचिव (राजभाषा) की अध्यक्षता में केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कोयला मंत्रालय की तरफ से राजभाषा का कार्य देख रहीं संयुक्त निदेशक (रा.भा.) ने भाग लिया।

मंत्रालय में कार्मिकों के लिए एक लघु पुस्तकालय है जिसमें हिंदी साहित्य की 300 से अधिक स्तरीय पुस्तकें हैं।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाते हैं। तथापि प्रत्येक अधिकारी व कार्मिक के स्तर पर व्यक्तिगत प्रयासों व सहयोग की अत्यधिक आवश्यकता है ताकि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय की भावना के अनुरूप मंत्रालय निर्धारित लक्ष्यों को पाने के लिए अग्रसर हो सके। मंत्रालय इस दिशा में प्रयासरत है।